www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-226 | सागवाड़ा, शनिवार,23 अप्रेल, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# मुख्यमंत्री का दौरा इसीलिए खनन विभाग भी सख्त, अब एफआईआर की तैयारी

## सागवाड़ा क्षेत्र में क्वार्ट्ज पत्थर का जगह जगह अवैध खनन

**डूंगरपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को डूंगरपुर जिले में आ रहे है। मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर खनन विभाग भी सख्ती दिखा रहा है। पिछले दिनों अवैध खनन को लेकर हुई कार्यवाही में विभाग अब एफआईआर की तैयारी में है। इधर, सागवाड़ा क्षेत्र में अवैध खनन अब भी जारी है।सागवाड़ा क्षेत्र में क्वार्ट्ज पत्थर का जगह जगह अवैध खनन हो रहा है। पिछले दिनों मीडिया के दबाव और मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर खनन विभाग ने मौके पर पहुंच कर कार्यवाही की थी।

हालांकि अभी सिर्फ झाखरी में ही विभाग ने कार्यवाही की है जबकि बड़े स्तर पर कराड़ा में धडल्ले से क्वार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन हो रहा है।

राजस्व, पुलिस, माइनिंग और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से सारा खेल हो रहा है। झाखरी पंचायत में चारागाह भूमि पर हो रहे अवैध खनन और पकड़ी गयी मशीनों को लेकर विभाग एफआईआर करेगा। इससे पहले सागवाड़ा क्षेत्र में हो रहे अवैध खनध पर सभी ने आंखे मूद रखी थी। खनन विभाग अपने राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के लिए दो दिन की कार्रवाई में मशीनरी जब्त कर 10 लाख तक का जुर्माना वसूल लिया है।

इधर, खनन माफिया के पास उपलब्ध दूसरी बड़ी और छोटी मशीनरी से फिर से रात के अंधेरे में सैकड़ों टन खनन कर गुजरात बेचना शुरू है।



# बेजुबानों की मदद को बढ़ते युवाओं के हाथ



**सागवाड़ा।** आजकल क्षेत्र में बदलते वक्त के साथ युवाओं में सेवा का भाव तेज़ी से बढ़ता जा रहा है। आज का युवा मानवसेवा ही नही वरन बेजुबान पशु पक्षियों की सेवाओं के लिए भी आगे आ रहा है। उसी कड़ी में क्षेत्र में संचालित युवाओं के समूह जीवप्रेमी संस्थान जो बेजुबानों की सुरक्षा के लिए नियमित तौर पर कार्य कर रहा है। अक्सर आमजन द्वारा प्राप्त सूचना पर संस्थान के कार्यकर्ता आगे आते है कपि, गायों के रेस्क्यू के साथ ही विषैले जानवरों को सुरक्षित बचाकर जंगलों में छोड़ दिया जाता है।

जीव प्रेमी संस्थान के सदस्य रमेश यादव गामड़ी भीमपुर से गुज़र रहे थे उसी दौरान एक राष्टीय पक्षी मोर को मृत अवस्था मे देखा ऐसे में जीव प्रेमी संस्थान के सदस्यों को जानकारी देने पर मोर का ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वन विभाग से मोती सिंह, दीपक पाटीदार व पुलिस चौकी भीमपुर से संजय पाटीदार एवं संस्थान के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जीव प्रेमी संस्थान प्रेम सेवक मोटागाँव द्वारा दी गई।

# शमशान घाट और जेल रोड की बदलेगी सूरत

## सड़क के पास खाली पड़ी भूमि पर बनेंगे छोटे गार्डन



**सागवाड़ा।** शमशान घाट और जेल रोड की सूरत जल्द ही बदलने वाली है। शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर पालिका एक ओर नवाचार करने जा रही है। मुख्य सड़क के पास खाली पड़ी भूमि को हराभरा और कलरफुल बनाया जाएगा।

यहां छोटे छोटे गार्डन विकसित किये जाएंगे। शुरूआत में बांसवाड़ा रोड स्थित शमशान घाट के पास और जेल के नीचे स्थित पहाड़ी पर कलरफुल पौधें लगाये जा रहे है। नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया और अधिशाषी अधिकारी मुकेश मोहिल ने शनिवार को दोनों जगह शुरू हुए कार्य के बारे में मौके पर जा कर जानकारी ली।


> इंदौर की एजेंसी को शहर के सौंदर्यीकरण का काम दिया गया है। इस कार्य पर करीब 10 लाख रुपये खर्च होंगे। जिसके तहत फूलदार और छोटे डिजाइनर पौधें लगाएं जाएंगे। यह काम शुरू कर दिया है।
>
> **– लोकेश पाटीदार, जेईएन, नगरपालिका सागवाड़ा**

पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि बांसवाड़ा रोड पर स्थित शमशान घाट के बाहर खाली पड़ी जगह को सुंदर और हराभरा बनाया जा रहा है। पहले यहां कंटिली झाडियां और गंदगी फैली हुई रहती थी लेकिन अब इसके स्वरूप को निखारा जाएगा। यहां साफ सफाई कराकर फूल वाले पौधें, हरी घास लगा कर हरभरा किया जाएगा। इसी तरह जेल के नीचे स्थित छोटी पहाड़ी पर भी छोटी छोटी फूलवारी बनाई जाएगी। दोनों जगह काम शुरु कर दिया गया है।

# सागवाड़ा में सरकार के खिलाफ बेरोजगार युवाओं ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

## बेरोजगार युवाओं ने बेरोज़गारी भत्ता देने की की मांग

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश के आव्हान पर भाजपा युवा मोर्चा डूंगरपुर जिला अध्यक्ष कल्पेश भारती के निर्देशन में सागवाड़ा भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया के नेतृत्व में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में अनिमियता और बेरोज़गारी भत्ता की मांग को लेकर गामोठवाडा में शनिवार को हस्ताक्षर अभियान चलाकर विरोध किया। हस्ताक्षर अभियान के तहत सागवाड़ा क्षेत्र के बेरोजगार युवाओ ने हस्ताक्षर कर राजस्थान की गहलोत सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। इस दौरान पार्षद मनोज कंसारा ने बताया कि प्रदेश के युवाओं के साथ में वर्तमान सरकार कांग्रेस की सरकार जो छलावा किया है, उसके विरोध में यह हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश की अशोक गहलोत सरकार ने युवाओं के साथ घोर अन्याय किया है, युवाओं ने दिन-रात एक करके पढ़ाई की है और साथ में बच्चो के परिवार के लोगों ने अपने गहने गिरवी रख कर के बच्चों को पढ़ाया है। उन बच्चों के साथ सरकार ने जो छलावा करते हुए रिट परीक्षा में जो मिलीभगत की है वो बहुत ही निंदनीय है। सरकार ने 3-4 वर्षो पूर्व में जो घोषणा की थी कि प्रदेश में कोई भी युवा अब बेरोजगार नहीं रहेगा। लेकिन




वर्तमान सरकार द्वारा युवाओं के लिए जो भी घोषणा की गई है वो उट के मुह में जीरा साबित हुई है। साथ ही कंसारा ने कहा कि सरकार द्वारा इन युवाओ की मांगो पर विचार नहीं करती है तो आने वाले दिनों में राजस्थान सरकार के खिलाफ रोष अधिक बढेगा और सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। वही सागवाड़ा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया ने बताया कि रिट भर्ती परीक्षा में अनियमितता और बेरोजगारी भत्ते को लेकर कांग्रेस सरकार जो कुठाराघात किया है। उसके विरोध समस्त बेरोजगारों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया है। इस अभियान में अधिक से अधिक युवा हस्ताक्षर करके कांग्रेस सरकार के खिलाफ आक्रोश किया है। इस अवसर पर अभियान प्रभारी सुरेन्द्र रावल, पार्षद मनोज कंसारा, पूर्व अध्यक्ष शैलेश पंड्या, महामंत्री जुगल पंवार, उपाध्यक्ष जस्विल जैन, दीपेश परमार, अक्षय खटीक, नगर मंत्री लक्ष्य पंचाल, लोकेश ननोमा, रितिक खटीक, गीतांश भट्ट, करण भोई सहित कई बेरोजगार युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# मुख्यमंत्री 24 को ज्ञानपुर में पाटीदार समाज के कार्यक्रम में पहुंचेंगे, मालवीया ने सभा स्थल का किया निरीक्षण



**सागवाड़ा।** जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने मुख्यमंत्री के रविवार 24 अप्रैल को ज्ञानपुर में प्रस्तावित सभा के मद्देनजर सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सभा स्थल के समीप बने हेलीपैड, सभा स्थल, मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान दिनेश खोडनिया, उपखंड अधिकारी सागवाड़ा राजीव द्विवेदी, तहसीलदार मयूर शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक सागवाड़ा नरपत सिंह मौजूद रहें। सीएम गहलोत रविवार को जयपुर से हैलिकॉप्टर के जरिए रवाना होकर पौने 12 बजे सागवाड़ा पहुंचकर पाटीदार सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

सम्मेलन के जरिए गहलोत की रणनीति डूंगरपुर और बांसवाड़ा के पाटीदार समाज के जरिए गुजरात के पाटीदार समाज को साधने की है।

# गौरेश्वर में कलशयात्रा के साथ ज्वाला माता की प्रतिमा स्थापित

**सागवाड़ा।** भाटिया नाई समाज के गौरेश्वर में चल रहे तीन दिवसीय ज्वाला माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मूर्ति स्थापना के साथ सम्पन्न हुआ। कलश यात्रा भी निकाली गई। गंगाजल कलश यात्रा मोरन नदी से नव निर्मित मंदिर तक निकली जिसमे बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने भाग लिया।

आचार्य रमेश भट्ट के तत्वाधान में स्थापित देवता पूजन करवाकर मूर्ति का न्यास, प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा, शिखर व कीर्ति स्तंभ प्रतिष्ठा की पूजा करवाई। दोपहर 12 बजे ज्वाला माता प्रतिमा स्थापित की गई।

16 चोखला अध्यक्ष जवाहर भाटिया भीलूड़ा व मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष सुखलाल भाटिया चितरी की उपस्थिति में समाज का सम्मेलन भी हुआ। जिसमें समाज को शिक्षा से जोड़ने व कुरीतियों को दूर करने की बात जवाहर भाटिया ने की। संचालन



दिलीप आरा ने किया व अशोक भीलूड़ा ने आभार व्यक्त किया। शिखर के मुख्य यजमान शम्भू सामालिया, ध्वज दंड के सुखलाल चितरी, मूर्ति प्रतिष्ठा के मुकेश भीलूड़ा, प्रधान कुंड के बसंत जेठाणा, प्रथम गुम्बज के ध्रुव एवं विशाल पुनर्वास कॉलोनी, भैरवजी के विजय चितरी, प्रथम श्रृंगार के डायालाल गोवाड़ी, गणपति मूर्ति के सुभाष भीलूड़ा, पूर्व दिशा गुम्बज के अर्जुन सागवाड़ा, पद्म कुंड धर्मेंद्र बारबोदनीया, दक्षिण दिशा गुम्बज के राजेश जोसावा, उत्तर दिशा गुम्बज के राजू चितरी एवं घंटा स्थापना के देवीलाल नवागाम यजमान ने पूजा - अर्चना कर प्रतिष्ठा का लाभ लिया।